*हमेशा हिंदी में पत्र व्यवहार करके देश का गौरव बढ़ायें, इस कार्यालय में हिंदी में प्राप्त पत्रों का स्वागत है*

ई-मेल का पता
olgc-ppqs@gov.in

टेलीफोन/Telephone: 0129-2476333

पत्र सं./No. ई.12013/1/2021- राजभाषा

भारत सरकार/Government of India
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय/Ministry of Agriculture & Farmers Welfare
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
Department of Agriculture & Farmers Welfare

**वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय**

*DIRECTORATE OF PLANT PROTECTION, QUARANTINE & STORAGE*

एन.एच. 4, फरीदाबाद (हरियाणा) - 121001
N.H. IV, FARIDABAD (HARYANA) – 121001

दिनांक/Dated: 10 सितम्बर, 2024

## परिपत्र

**विषय - निदेशालय (मु.) में दिनांक 14.09.2024 से 28.09.2024 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन।**

वनस्पति संरक्षण सलाहकार महोदय के अनुमोदन से निदेशालय (मु.) में दिनांक 14.09.2024 से 28.09.2024 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है । इस दौरान **दिनांक 17.09.2024 से 28.09.2024 तक हिन्दी प्रतियोगिताएं** आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है। निदेशालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

**(1) हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (17.09.2024 अपराह्न 03.00 बजे)**

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को **प्रश्न पत्र में उल्लिखित विषयों में से किसी एक विषय** पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखना होगा, जिसके लिए उन्हें एक घंटे (60 मिनट) का समय दिया जाएगा ।

**(2) हिन्दी टिप्पण, प्रारूपण एवं अनुवाद प्रतियोगिता 20.09.2024 अपराह्न 03.00 बजे)**

इस प्रतियोगिता में निदेशालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकेंगे, जिसमें मूल रूप से हिन्दी में टिप्पणी एवं मसौदा प्रस्तुत करने में अपनी प्रवीणता प्रमाणित करनी होगी । इसके अलावा भाषा ज्ञान, हिंदी से अंग्रेज़ी तथा विलोमतः अनुवाद एवं शब्दावली (हिंदी-अंग्रेज़ी) से संबंधित कुछ प्रश्न भी होंगे । इसके लिए प्रतियोगियों को एक घंटा 30 मिनट (90 मिनट) का समय दिया जाएगा ।

**(3) हिन्दी श्रुतलेखन एवं भाषा ज्ञान प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी अधि./कर्मचारियों के लिए) (23.09.2024 अपराह्न 03.00 बजे)**

इस प्रतियोगिता में हिंदी लिखने एवं भाषा ज्ञान की क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा । इसमें श्रुतलेखन के अलावा भाषा ज्ञान एवं शब्दावली (हिंदी-अंग्रेज़ी) से संबंधित कुछ प्रश्न भी होंगे जिसके लिए 40 मिनट का समय दिया जाएगा । इसमें वे अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है और **जो** अन्य भाषाभाषी **प्रदेशों में ही शिक्षित हुए और पले-बढ़े हैं, किंतु जिनकी मातृभाषा पंजाबी, मराठी, उर्दू और गुजराती हैं उनको हिंदीत्तर** भाषी वर्ग **में शामिल नहीं किया जाएगा ।**

जारी....2/-

**(4) हिन्दी श्रुतलेखन एवं भाषा ज्ञान प्रतियोगिता(एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए)**
**(25.09.2024 अपराह्न 03.00 बजे)**

इस प्रतियोगिता में हिंदी लिखने की क्षमता तथा भाषा ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा । इसमें श्रुतलेखन के अलावा भाषा ज्ञान एवं शब्दावली (हिंदी-अंग्रेज़ी) से संबंधित कुछ प्रश्न भी होंगे जिसके लिए 40 मिनट का समय दिया जाएगा । इसमें निदेशालय(मु.) में कार्यरत सभी **बहुकार्य कर्मचारीवृन्द(एम.टी.एस.)** कर्मचारी भाग ले सकते हैं।

**(5) हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता (सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए)**
**(26.09.2024 अपराह्न 03.00 बजे)**

आशुभाषण का विषय उसी समय दिया जाएगा । इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार व्यक्त करने के लिए 2-3 मिनट का समय दिया जाएगा।

**(6) हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता (सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए)**
**(27.09.2024 अपराह्न 03.00 बजे)**

इस प्रतियोगिता में स्वरचित अथवा किसी अन्य कवि की किसी एक रचना का पाठ किया जा सकता है। विगत वर्षों में सुनाई गई रचनाओं की पुनरावृत्ति न की जाए । स्वरचित कविता के लिए निर्णायकों के विवेकानुसार अतिरिक्त अंक दिए जाएंगें । कविता पाठ की समय सीमा 3 से 5 मिनट होगी।

**नोट -** 1. *उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं **मुख्यालय भवन स्थित सभाकक्ष में** आयोजित की जाएंगी।*

2. *किसी भी प्रतियोगिता में प्रतियोगियों की संख्या **06 से कम** होने पर उस प्रतियोगिता का **आयोजन निरस्त** कर दिया जाएगा ।*

3. *कुल प्रतियोगिताओं में किसी भी प्रतियोगी को 02 से अधिक पुरस्कार प्रदान नहीं किए जाएंगे अर्थात् किसी भी विजेता प्रतियोगी को दो सर्वश्रेष्ठ (बेस्ट) पुरस्कार के लिए पात्र मानते हुए उसके बाद अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को पुरस्कार का हक़दार माना जाएगा जिससे अधिक से अधिक कार्मिकों को पुरस्कार मिल सकेगा और उनका उत्साहवर्धन हो सकेगा।*

4. *इन प्रतियोगिताओं में सफ़ल प्रतियोगियों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ।*

| *प्रत्येक प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतियोगियों की संख्या* | *पुरस्कारों की कुल संख्या* | *पुरस्कारों की राशि* |
|---|---|---|
| *न्यूनतम 06* | *03 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय)* | *प्रथम पुरस्कार 3500/- रू.* |
| *07 - 09* | *04 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एक प्रोत्साहन पुरस्कार)* | *द्वितीय पुरस्कार 3000/- रू.* |
| *10 - 14* | *05 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार)* | *तृतीय पुरस्कार 2500/- रू.* |
| *15 या 15 से अधिक प्रतियोगी* | *06 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं तीन प्रोत्साहन पुरस्कार)* | *प्रोत्साहन पुरस्कार 1500/- रू.* |

5. *हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता और हिन्दी टिप्पण प्रारूपण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले **हिंदीतर-भाषी** प्रतियोगियों को उनके द्वारा की गई घोषणा के आधार पर **10% बोनस अंक** दिए जाएंगे ।*

6. *सभी घोषित परीक्षा परिणामों में मूल्यांकनकर्ता का निर्णय ही अंतिम माना जाएगा एवं **इस संबंध में प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।***

जारी/-................

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी अपने नाम इस परिपत्र के साथ संलग्न नामांकन प्रपत्र (प्रोफार्मा) में अपने नियंत्रण अधिकारी के माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र राजभाषा अनुभाग में भेज दें ।

इसे वनस्पति संरक्षण सलाहकार महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

संलग्नक - नामांकन प्रपत्र (प्रोफार्मा) ।

10/9/24
(नमिता श्रीवास्तव)
उप निदेशक राजभाषा (सलाहकार)

**प्रेषित:-**

निदेशालय (मुख्यालय) के सभी प्रभागों/अनुभागों/एककों के प्रभारी अधिकारी । (नामांकन प्रपत्र सहित)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

1. सचिव (के.की. बोर्ड एवं पंजी. समिति), फरीदाबाद ।
2. संयुक्त निदेशक, (केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला) फरीदाबाद ।
3. संयुक्त निदेशक, (टिड्डी एकक सह ए.ना.प्र प्रभाग) ।
4. संयुक्त निदेशक, (वनस्पति संगरोध प्रभाग)।
5. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ।
6. अवर सचिव (मु.) ।
7. व.सं.सलाहकार के सूचनार्थ उनके आशुलिपिक को ।
8. प्रभारी अधिकारी, आई.टी.सेल को इस अनुरोध के साथ कि वे इसे निदेशालय (मु.) की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

मि.सं. ई. 12013/1/2021 -राजभाषा

# नामांकन प्रपत्र

हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए नामांकन प्रपत्रः

****

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम -

2. प्रभाग/अनुभाग/एकक -

3. इंटरकॉम नं./मोबाइल नं. -

4. मातृभाषा -

5. प्रतियोगिता का नाम (1)

(2)

(3)

(4)

(5)

प्रतियोगी के हस्ताक्षर

दिनांकः

नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी (राजभाषा अनुभाग)